हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 मार्च 2025

9 प्रदेश का सीएम ऐसा, रात 11 बजे भी चेहरा खिला...



10 सरकार ने 'प्राण वायु देवता योजना' पेंशन को बढ़ाकर...



### चिराग योजना के तहत 1.80 लाख से कम आय वाले परिवारों के सरकारी स्कूलों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने का मौका देती है सरकार

# मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों ने जारी की एडमिशन लिस्ट, नामी स्कूल गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

प्रदेश सरकार द्वारा चिराग योजना के तहत गरीब परिवारों के मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन लेकर पढ़ाई करने के सपने संजोकर बैठे बच्चों को जिला महेंद्रगढ़ के झटका लगा है, क्योंकि इस योजना के तहत जिले के जिन मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों ने कक्षा 5वीं से 12वीं तक दाखिला देना स्वीकार किया है, उस लिस्ट से नामी स्कूलों के नाम ही गायब हैं। जिन स्कूलों ने एडमिशन देना स्वीकृत किया है, उनकी स्थिति एवं शैक्षणिक स्तर को ज्यादा बेहतर नहीं माना जा रहा। ऐसे में अभिभावकों को कशमकश की स्थिति से गुजरना पड़ सकता है। इस योजना के तहत जिले में केवल 19 प्राइवेट मान्यता प्राप्त स्कूलों ने कुल 851 सीटों पर ही अपने यहां कक्षा पांचवीं से 12वीं तक एडमिशन देना स्वीकार किया है। सरकार ने चिराग योजना के तहत इच्छुक विद्यार्थियों के लिए 15 मार्च से 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खोला हुआ है।

गौर हो कि प्रदेश सरकार ने गरीब परिवारों के बच्चों के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान (सीएचईईआरएजी-चिराग) योजना शुरू की हुई है। यह योजना उन गरीब परिवारों के बच्चों को प्राइवेट मान्यता प्राप्त स्कूलों में दाखिला लेकर पढ़ने का अवसर प्रदान करती है, जिन परिवारों



नारनौल। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

की सालाना आय 1.80 लाख रुपये से कम है। इस योजना में 5वीं से 12वीं तक की कक्षाओं के लिए इच्छुक बच्चे आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत एडमिशन देने वाले स्कूलों की स्वीकृति लेने के लिए निदेशक मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यकत दिशा-निर्देश दिए हुए थे, जिस पर सहमति प्रदान करते हुए जिले के मान्यता प्राप्त 19 स्कूलों ने इस योजना के तहत बच्चों को अपने यहां एडमिशन देना स्वीकार किया है।

### इन स्कूलों ने दी है सहमति

अटेली ब्लॉक में बाबा खेतानाथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिहमा ने 32 सीटों के लिए स्वीकृति प्रदान की है, जिनमें कक्षा 5 के लिए 5 सीटें, 6-4, 7-4, 8-5, 9-4,10-5, 11-5, 12-0 सीटें हैं। इसी प्रकार अटेली ब्लॉक की सर्वोदय हाई स्कूल ने केवल 9 सीटों पर स्वीकृति दी है, जिनमें कक्षा नौंवी में पांच एवं दसवीं में चार सीटें दिखाई हैं। इसी प्रकार अटेली ब्लॉक के आरएमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल राता कलां (कुल सीट 19) ने 9-3, 10-4, 11-6 एवं 12-6 सीटें स्वीकृत दर्शाई हैं। अटेली ब्लॉक के श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल बोचड़यिा (कुल सीट 20) ने 9-5, 10-5, 11-5 एवं 12-5 सीटों पर स्वीकृति दी है। अटेली ब्लॉक के विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल खोड़ (कुल सीट 21) ने 9-8, 10-4, 11-6 एवं 12-3 सीटें स्वीकृत की हैं। कनीना ब्लॉक में एनआर पब्लिक स्कूल कोटिया (कुल सीट 3) ने 9-2 तथ 10-1 में सीट स्वीकृत दर्शाई है। कनीना ब्लॉक के एसडीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल छितरोली (कुल सीट 14) ने 9-4, 10-3, 11-3 तथा 12-4 सीटें स्वीकृत दर्शाई हैं।

महेंद्रगढ़ ब्लॉक में एकमात्र स्कूल सीटी वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़ (कुल सीट 60) ने कक्षा 5-10 सीट, 6-10, 7-10, 8-10, 9-10, 11-10 एवं 12-0 सीट दर्शाई हैं। नांगल चौधरी ब्लॉक में अरावली पब्लिक स्कूल कारोता (कुल सीट-18) ने 5-3, 6-3, 7-3, 8-3, 9-3, 10-3 सीटें दर्शाई हैं। नांगल चौधरी ब्लॉक में बाल भारती हाई स्कूल नांगल चौधरी (कुल सीट 180) ने 5-30, 6-30, 7-30, 8-30, 9-30 तथा 10-30 सीटें दर्शाई हैं। नांगल चौधरी ब्लॉक के केएल मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सलीमपुर (कुल सीट 58) ने 5-5, 6-4, 7-5, 8-5, 9-6, 10-7, 11-9 एवं 12-17 सीटें रिक्त दर्शाते हुए स्वीकृति दी है। नांगल चौधरी में दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल मूलोदी (कुल सीट 11) ने 9-2, 10-4, 11-3 तथा 12-2 सीटें दर्शाई हैं।

नारनौल ब्लॉक में रामा पब्लिक मिडिल स्कूल मोती नगर नारनौल (कुल सीट 120) ने 5-30, 6-30, 7-30 एवं 8-30 सीटें दर्शाई हैं। नारनौल ब्लॉक में यादव हाई स्कूल नारनौल (कुल सीट 9) ने कक्षा 5-1, 6-2, 7-2, 8-2, 9-1 तथा 10-1 सीटों की स्वीकृति प्रदान की है। नारनौल की ही एबीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल (कुल सीट 77) ने 5-10, 6-9, 7-8, 8-7, 9-8, 10-10, 11-15 तथा 12-10 सीटें रिक्त दर्शाई हैं। नारनौल ब्लॉक की इंद्रप्रस्थ सीनियर सेकेंडरी स्कूल चिंडालिया (कुल सीट 28) ने 5-4, 6-4, 7-2, 8-3, 9-4, 10-4, 11-3 तथा 12-4 सीटें रिक्त दिखाते हुए एडमिशन की स्वीकृति प्रदान की है। नारनौल ब्लॉक की एमएएसडी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौल (कुल सीट 80) ने 5-10, 6-10, 7-10, 8-10, 9-10, 10-10, 11-10 एवं 12-10 सीटें दर्शाते हुए चिराग योजना के तहत एडमिशन देने की स्वीकृति प्रदान की है। नारनौल ब्लॉक में राजवंशी शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी दौचाणा (कुल सीट 80) ने 5-10, 6-10, 7-10, 8-10, 9-10, 11-10 एवं 12-10 सीटें दर्शाई हैं। नारनौल ब्लॉक में श्रीकृष्ण हाई स्कूल रघुनाथपुरा (कुल सीट 12) ने कक्षा नौंवी एवं दसवीं में क्रमशः 6-6 सीटें दर्शाई हैं।

### लिस्ट से नामी स्कूल ही गायब

कमाल की बात है कि जिला महेंद्रगढ़ पिछले दो दशकों से शिक्षा के हब के रूप में विकसित हुआ है तथा यहां के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अब बैल्ट की फौज–पुलिस की नौकरी करने की बजाए डाक्टर, इंजीनियर, वकील के साथ आईएएस एवं आईपीएस बनने लगे हैं और वैज्ञानिक क्षेत्र में भी दस्तक देने लगे हैं, लेकिन इन उच्च पदों को दिलाने में जिन प्राइवेट स्कूलों का नाम रहा, उन स्कूलों ने इस चिराग योजना से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। ऐसे स्कूल चिराग योजना पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं, क्योंकि उन्होंने गरीबों के बच्चों को पढ़ाने व उनको आगे बढ़ाने या अमीरों के बच्चों की तरह विकास के समान अवसर प्रदान करने में कोई रुचि नहीं दिखाई है। ऐसी स्थिति दुखदाई हो सकती है।

### लॉटरी ड्रा के तहत होना है एडमिशन

सरकारी की ओर से जारी निर्देशानुसार 15 मार्च से 31 मार्च तक जो विद्यार्थी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करेंगे, उन आवेदन करने वाले बच्चों को एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक दाखिला दिया जाएगा। यह दाखिले लॉटरी ड्रा प्रक्रिया के तहत होने हैं। यदि फिर भी स्कूलों में सीटें खाली रह जाती हैं तो रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची वाले विद्यार्थियों को मौका दिया जाएगा और वह 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दाखिला लिए जाएंगे।

### आय को बनाया है आधार

चिराग योजना के तहत प्राइवेट मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जिन छात्रों के अभिभावकों की सालाना आय एक लाख 80 हजार रुपये एवं इससे कम होगी, उन्हीं छात्रों को दाखिले के लिए पात्र माना जाएगा। वह आय परिवार पहचान पत्र की वार्षिक सत्यापित आय से मान्य होगी।

### सरकारी स्कूल का छात्र होना अनिवार्य

इस स्कीम के तहत केवल वे छात्र ही पात्र होंगे, जिन्होंने गत शैक्षणिक वर्ष में अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालय से प्राप्त/उत्तीर्ण की होगी।

### एसएलसी लेना अनिवार्य

चिराग योजना में दाखिला के लिए सफल रहे विद्यार्थियों को अपने पिछले सरकारी विद्यालय से स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट यानि एसएलसी लेना अनिवार्य किया गया है। बच्चा जिस स्कूल में पढ़ रहा हो, यह वहीं से मिलेगी।

### यह बोले शिक्षा अधिकारी

जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान ने बताया कि चिराग योजना के तहत जिले के मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों ने पोर्टल पर अपनी सहमति दे दी है तथा रिक्त सीटें भी कक्षा अनुसार दर्शा दी हैं। अब इच्छुक अभिभावकों व विद्यार्थियों को पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करने की आवश्यकता है। आवेदन 31 मार्च तक कर सकते हैं। इसके बाद दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## डा. अशोक कुमार होंगे सीएमओ, कोविड काल में दिन रात किए थे एक

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

लंबा इंतजार अब खत्म हुआ। महेंद्रगढ़ जिला को स्थाई सीएमओ के तौर पर डा. अशोक कुमार मिल गए है। वीरवार शाम को तबादला सूची जारी हुई तो छह माह से खाली सीएमओ का कुर्सी को इंतजार अब जाकर पूरा हुआ। जब कोविड काल था, उस वक्त बतौर सीएमओ दिन रात एक करके जिला के अनगिनत मरीजों की जान बचाने में उन्होंने व उनकी टीम ने अहम रोल निभाया था।

उस बुरे दौर में गुजरकर वापस खुशी के पलों में लौटे मरीजों के जहन में डा. अशोक कुमार का चेहरा उतरा नहीं है। आपको बता दें कि महेंद्रगढ़ जिला में अक्टूबर 2024 में सीएमओ डा. रमेशचंद्र आर्य थे। तबादला होने के बाद यह सीट खाली थी। रेवाड़ी के सीएमओ डा. सुरेंद्र को महेंद्रगढ़ जिला का अतिरिक्त चार्ज सौंपा हुआ था।



- स्वास्थ्य मंत्री के गृह क्षेत्र में छह माह से खाली था सीएमओ पद

उनकी अनुपस्थिति में एक दो चिकित्सकों को सीएमओ कार्यभार सौंपा गया था। इनमें डा. धर्मेंद्र सांगवान व डा. नवीन यादव शामिल रहे। अक्टूबर माह से अब तक सीएमओ की कुर्सी खाली थी, खासतौर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के गृह क्षेत्र होने के कारण सरकार की भी किरकिरी हो रही थी। अब जाकर छह माह बाद जिला को स्थाई सीएमओ पद मिला है।

## 27 तक कर सकते हैं दावे व आपत्तियां

**नारनौल।** जिला महेंद्रगढ़ में वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित कलेक्टर रेट निर्धारित किए जा रहे हैं। जिला का कोई भी नागरिक 27 मार्च तक इस संबंध में अपनी आपत्ति या सुझाव संबंधित एसडीएम, तहसीलदार कार्यालय तथा उपायुक्त कार्यालय में दे सकता है। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित कलेक्टर रेट पर अपलोड हैं। वेबसाइट पर लॉगिन करके कोई भी नागरिक इसे देख सकता है। इसके अलावा जिला महेंद्रगढ़ की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी इसका लिंक दिया गया है। किसी नागरिक को इस संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव है तो वह 27 मार्च तक संबंधित एसडीएम, तहसीलदार कार्यालय तथा उपायुक्त कार्यालय की एचआरसी शाखा के कमरा नंबर 312 में दस्ती व रजिस्टर्ड डाक से दे सकते हैं। इसके अलावा वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन दर्ज करवा सकते है। उन्होंने बताया कि 27 मार्च के बाद किसी भी नागरिक का कोई एतराज व सुझाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।








जेली फिश के पास ना तो दिल होता है और ना ही दिमाग


तितलियां चखकर नहीं, पैरों से किसी भी चीज का स्वाद पता लगाती हैं।



# कंप्यूटर से ग्रेजुएशन करने के बाद चमकेगा करियर



**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

इन दिनों छात्र अपने करियर को लेकर काफी सीरियस है। वो जल्द से जल्द अच्छी नौकरी हासिल कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर कोई अपने लिए ऐसा करियर ऑप्शन ढूंढना चाहता है जिसके जरिए उसे मनपसंद जॉब और मनचाही सैलरी मिल सके। ऐसे में जो छात्र कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनके लिए आज हम कुछ ऐसे करियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी लाये है जिनके जरिए वें अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बढ़ती महंगाई में सभी को अच्छे करियर की तलाश रहती है, और सभी चाहते हैं कि वह अच्छी सैलरी पा सकें, ताकि अच्छा लाइफ स्टाइल को फॉलो कर सकें।

## काफी ज्यादा डिमांड

कई तरह के कोर्सेज हैं जिन्हें करने के बाद आप अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं और एक अच्छी सैलरी वाली जॉब का सकते हैं। आज के समय में सब काम ऑनलाइन होते हैं। हर जगह कंप्यूटर की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनकी मांग भी काफी बढ़ने वाली है। अगर आप भी कंप्यूटर के बारे में अच्छा खासा ज्ञान रखते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज पढ़ने में सक्षम है तो आपको इन कोर्स के बारे में जरूर जानना चाहिए। ताकि आप अपने लिए बेस्ट ऑप्शन सेलेक्ट कर सके और उसके अनुसार अपना कैरियर बना सके।

### इंटरनेट से जुड़ा हुआ

आजकल हर कोई अपने मोबाइल पर ज्यादा समय बिता रहा है और इंटरनेट का इस्तेमाल करके नई-नई चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है। इसी के चलते हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की बिक्री के लिए डाटा इकट्ठा कर रही है। एक डाटा साइंटिस्ट को इन सभी डाटा की जानकारी अच्छे से होती है इसीलिए मार्केट में डाटा साइंटिस्ट की डिमांड बढ़ रही है। इस फील्ड में अन्य क्षेत्रों की बजाय कंपटीशन भी कम है क्योंकि बेहद कम लोगों को इसके बारे में पता है। ऐसे में आप अच्छी सैलरी के साथ एक बेहतरीन जॉब पा सकते हैं।

## सैलरी अच्छी

आज के समय में किसी भी बिजनेस को ऑनलाइन शिफ्ट करने के लिए वेबसाइट चाहिए होती है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ वेबसाइट की आवश्यकता और मांग में भी वृद्धि हुई है। एक वेब डेवलपर की सैलरी भी काफी अच्छी होती है। इसके अलावा यह एक ऐसा काम है जिसकी शुरुआत आप फ्री लांसिंग के तौर पर भी कर सकते हैं और कमाई कर सकते हैं।



### ज्ञान होना जरूरी

आज के इस डिजिटल दौर में लगभग हर क्षेत्र में मशीन लर्निंग चाहिए होती है। आपको किसी भी फील्ड में सरलता से मशीन लर्निंग की नौकरी मिल जाएगी। मशीन लर्निंग नौकरी लेने के लिए आपको इससे जुड़े प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर के बारे में ज्ञान होना चाहिए। मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करके आप आसानी से किसी भी कंपनी में बड़े ओहदे पर पहुंच सकते हैं और आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलेगी।

## पसंदीदा क्षेत्र

यदि आपको ऐसा लगता हैं कि केवल पबजी और फ्री फायर ही सबसे ज्यादा खेले जाने वाले खेल है तो ऐसा नहीं है। पूरी दुनिया में हर दिन अलग-अलग तरह के गेम रिलीज होते हैं। वीडियो गेम के मामले में तो बहुत सारे गेम काफी पसंद किए जाते हैं। अगर आप भी वीडियो गेम बनाने में रुचि रखते हैं तो इस काम के बारे में सीख सकते हैं और गेम डेवलपर बनकर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसान का फ्यूचर बनने जा रहा है। जितनी स्पीड से आर्टिफिसीयेल इंटेलिजेंटस और रोबोट हमारे डेली रूटीन का भाग बनते जा रहे हैं उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर रिसर्च करने वाले लोगों की मांग कितनी बढ़ाने जा रही है। चैट जीपीटी और ब्रैड जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ रखने वाले लोगों को रिसर्चर और साइंटिस्ट के पद पर काफी अच्छी जॉब्स ऑफर की जा रही है।

### बन सकते हैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर

इन दोनों मार्केट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिमांड बढ़ती जा रही है। सभी आईटी कंपनियों में बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सॉफ्टवेयर डेवलपर को ढूंढा जा रहा है। यदि आप भी कंप्यूटर के बारे में जानते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज का ज्ञान है तो आप भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन सकते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने से आपका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

---

## खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास बेहद अहम

# स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट भी एक उभरता हुआ करियर, जो आपको देगा नई उड़ान

**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना कि शारीरिक फिटनेस। ऐसे में एक स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनने, तनाव से निपटने और उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता है। आज के प्रतिस्पर्धी खेल जगत में, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से बढ़ता हुआ करियर विकल्प है। यह जोश और जज्बे के साथ आपको नई उड़ाने दे सकता है। इस करियर विकल्प में आप भी फिट और मजबूत रहने के साथ साथ अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं।

### खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती प्रदान करता



**तनाव से निपटने और प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता**

### क्या है स्पोर्ट्स साइकोलॉजी

स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक ऐसी शाखा है जो एथलीट्स के मानसिक और भावनात्मक पहलुओं का अध्ययन करती है। इसमें खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, ध्यान, प्रेरणा, तनाव प्रबंधन, टीम वर्क और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की रणनीतियों पर ध्यान दिया जाता है।

### आवश्यक कौशल और योग्यताएं

1. **संचार कौशल** : खिलाड़ियों और कोच से प्रभावी संवाद करने की क्षमता होनी चाहिए।
2. **मनोवैज्ञानिक विश्लेषण** : खिलाड़ियों की मानसिक स्थिति और प्रदर्शन की गहरी समझ होनी चाहिए।
3. **समस्या समाधान** : तनावग्रस्त और दबाव में खेल रहे खिलाड़ियों की समस्याओं का हल निकालने में सक्षम होना चाहिए।
4. **धैर्य और सहानुभूति** : खिलाड़ियों की मानसिक चुनौतियों को समझने और उनका समर्थन करने के लिए सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण होना जरूरी है।

### नौकरी के अवसर

1. खेल संगठन और टीमें
- भारतीय खेल प्राधिकरण (साई)
- भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए)
- विभिन्न क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और कबड्डी लीग टीमें

2. सरकारी और निजी खेल अकादमियां
- राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल अकादमियां
- निजी खेल प्रशिक्षण केंद्र

3. विश्वविद्यालय और शैक्षिक संस्थान
- खेल विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर व प्रशिक्षक के रूप में कार्य करना

4. निजी प्रैक्टिस और परामर्श
- व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों और खेल टीमों को मानसिक स्वास्थ्य और प्रदर्शन सुधार की सेवाएँ देना

### वेतन और आय

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट की आय अनुभव और कार्यक्षेत्र पर निर्भर करती है।

- फ्रेशर (शुरुआती स्तर) : 5,00,000 से 8,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- मध्य स्तर (5-10 साल का अनुभव) : 10,00,000 से 15,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- वरिष्ठ विशेषज्ञ (10+ साल का अनुभव): 18,00,000 से 30,00,000 प्रति वर्ष

### शिक्षा और प्रशिक्षण

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए आपको मनोविज्ञान (**Psychology**) में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है। इसके लिए निम्नलिखित शैक्षिक विकल्प उपलब्ध हैं।

**बैचलर डिग्री** : स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने की पहली सीढ़ी बी.ए. या बी.एससी. इन साइकोलॉजी करना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार अध्ययन और न्यूरोसाइंस जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं।

**मास्टर डिग्री** : बैचलर डिग्री के बाद, आपको एम.ए. या एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। इस डिग्री में खेल मनोविज्ञान, प्रदर्शन मनोविज्ञान और व्यवहार चिकित्सा की गहरी समझ दी जाती है।

**डॉक्टरेट (पीएचडी या पीएसवाईडी)** : यदि आप अनुसंधान या विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाना चाहते हैं, तो आपको पीएचडी या पीएसवाईडी इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। यह उच्चतम स्तर की डिग्री है और इसमें गहन अध्ययन, अनुसंधान और व्यावहारिक अनुभव शामिल होते हैं।

### इन संस्स्थानों से कर सकते हैं डिग्री

**सरकारी संस्थान**

1. दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू), दिल्ली
- **कोर्स**: एम.ए. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी
- **कोर्स**: बी.ए. और एम.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, दिल्ली
- **कोर्स**: एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
4. नेशनल स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट, पटियाला
- कोर्स: स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में विशेष प्रशिक्षण और रिसर्च प्रोग्राम्स

**निजी संस्थान**

1. अमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- **कोर्स**: एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु
- **कोर्स**: बी.एससी. और एम.एससी. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे
- **कोर्स**: बी.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में फोकस)

### उभरता हुआ करियर

स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से उभरता हुआ करियर है, जो न केवल एथलीट्स को मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि उन्हें अपने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने में भी मदद करता है। अगर आप खेलों और मनोविज्ञान में रुचि रखते हैं, तो यह करियर आपके लिए एक शानदार विकल्प हो सकता है।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।



---

# भारत में हर पर्व लाता जीवन में उत्साह सकारात्मक बदलाव व उमंग का प्रतीक



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

भारत एक ऐसा देश है जहां हर पर्व अपने आप में एक अनूठा उत्साह और संदेश लेकर आता है। चाहे वह होली का रंगों भरा उमंग हो, दीपावली का प्रकाश और समृद्धि का संदेश हो, ईद की भाईचारे और बलिदान की भावना हो, या क्रिसमस का प्रेम और शांति का उपहार हो-ये सभी त्यौहार केवल उत्सव मनाने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव और प्रेरणा लाने के अवसर हैं। खासकर छात्रों के लिए, ये पर्व नई ऊर्जा, आत्मविकास और सही दिशा में बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। आइए जानते हैं कि इन पर्वों से हमें क्या-क्या सीख मिलती है और इसे अपने जीवन में कैसे उतार सकते हैं।

## जीवन में त्योहारों का विशेष महत्व

**बुराई पर अच्छाई की जीत**

**होली**: हिरण्यकश्यप और होलिका की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और भक्ति हमेशा विजयी होती है।

**दीपावली**: रावण पर राम की जीत अंधेरे पर प्रकाश और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है।

**ईद**: ईमानदारी और बलिदान की भावना हमें सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है।

**क्रिसमस**: प्रेम और क्षमा की भावना हमें बुराई को भलाई से हराने का संदेश देती है।

**छात्रों के लिए सीख**:
- हमेशा सत्य और मेहनत के रास्ते पर चलें।
- पढ़ाई में शॉर्टकट या नकल से बचें, ईमानदारी से अपने लक्ष्य पाएँ।
- असफलताओं को चुनौती मानें और उनसे सीखकर आगे बढ़ें।

**नया उत्साह और नई शुरुआत**

**होली**: पुराने गिले-शिकवे भुलाकर दोस्ती और भाईचारे को बढ़ाने का अवसर।

**दीपावली**: नया साल, नई उम्मीदें और समृद्धि की शुरुआत।

**ईद**: रमजान के बाद नई ऊर्जा और आत्म-शुद्धि का प्रतीक।

**क्रिसमस**: नए साल की शुरुआत के साथ प्रेम और शांति का संदेश।

**छात्रों के लिए सीख**
- हर दिन को एक नई शुरुआत मानें, पुरानी गलतियों से सीखें।
- आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ चुनौतियों का सामना करें।

## समाज में बांटते खुशियां

**परिश्रम और समर्पण का महत्व**

**होली**: घर की सफाई और तैयारियाँ मेहनत का महत्व सिखाती हैं।

**दीपावली**: दीप जलाने से पहले की तैयारी परिश्रम की महत्ता दर्शाती है।

**ईद**: रमजान के रोजे और इबादत समर्पण का प्रतीक हैं।

**क्रिसमस**: उपहार और सजावट की तैयारी मेहनत और लगन का उदाहरण है।

**छात्रों के लिए सीख**
- सफलता के लिए परिश्रम और अनुशासन जरूरी है।
- पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखें और आलस्य को दूर करें।
- कठिनाइयों को अवसर में बदलें और खुद को बेहतर बनाएं।

**सामाजिक समरसता और एकता**

**होली**: रंगों के साथ सभी भेदभाव मिटाकर एकता का संदेश।

**दीपावली**: परिवार और समाज के साथ खुशियाँ बाँटने का पर्व।

**ईद**: जकात और भाईचारा सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है।

**क्रिसमस**: प्रेम और दान की भावना से समाज को जोड़ने का अवसर।

## सामान्य ज्ञान

**1.** प्रसिद्ध चरकुला नृत्य संम्बन्धित है ?
(ए) अवध से
(बी) बुंदेलखंड से
(सी) ब्रजभूमि से
(डी) रुहेलखण्ड से

**2.** निमंलिखित में से कौन सुम्मेलित नहीं है?
(ए) आल्हा-महोबा
(बी) रसिया-बरसना
(सी) कजरी-मिर्जापुर
(डी) बिरहा-कनौज

**3.** बधाई है --
(ए) बुंदेलखंड का नृत्य
(बी) मालवा का नृत्य
(सी) दिवाली के दुसरे दिन भोपाल में मनाया जाने वाला एक त्योहार
(डी) बुंदेलखंड का लोक संगीत

**4.** तमाशा संगीत नाटक का प्रसिद्ध लोक स्वरूप है और यह सम्बंधित है -
(ए) उत्तर प्रदेश
(बी) पंजाब से
(सी) महाराष्ट्र से
(डी) बिहार से

**5.** बताइए कौन सा लोक संगीत दिए गये स्थानों से संम्बन्धित नहीं है?
(ए) कजरी-वाराणसी
(बी) बिरहा - कानपुर
(सी) होली -बृज
(डी) नौटंकी- हाथरस

**6.** निम्नलिखित नृत्यों में कौन - सा सुमेलित नहीं है /
(ए) करमा-महोबा
(बी) धुरिया - बुंदेलखंड
(सी) धीवर - कहार
(डी) नटवरी - पूर्वांचल

**7.** कारागम धार्मिक लोकनृत्य संम्बन्धित है?
(ए) केरल से
(बी) तमिलनाडु से
(सी) आंध्रप्रदेश से
(डी) कर्नाटक से

**8.** लोकनृत्य राहुला का संम्बध उत्तर प्रदेश के निम्न में से किस एक क्षेत्र से है?
(ए) पूर्वी क्षेत्र
(बी) पशिचमी क्षेत्र
(सी) मध्य क्षेत्र
(डी) बुंदेलखंड क्षेत्र

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(ए) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप


सतनाली। स्कूल में पौधरोपण करते विनोद श्यामपुरिया। फोटो : हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक

**सतनाली मंडी।** लगातार प्रदूषित होते जा रहे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। यह बात पीएमश्री राजकीय उच्च विद्यालय श्यामपुरा में मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम के सदस्य जनहितकारी विनोद श्यामपुरिया ने पौधारोपण करते हुए कही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राकेश देवी एवं अध्यापक शिवकुमार ने पौधारोपण में सहयोग करते हुए कहा कि दिनोंदिन प्रदूषण स्तर काफी बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अधिक से अधिक पौधे रोपित करके ही बढ़ते प्रदूषण से बचा जा सकता है।

### शहीदी दिवस पर होगी दीप प्रज्ज्वलित व विचार गोष्ठी

**नारनौल।** नर नारायण सेवा समिति की बैठक बीएसएनएल के पीछे स्थित शिव मन्दिर में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता समिति प्रधान रामसिंह मधुर ने की। बैठक का संचालन महासचिव मास्टर सत्यवीर ने किया। प्रधान ने बताया कि नर नारायण सेवा समिति (पंजीकृत) हर साल की तरह इस साल भी 23 मार्च रविवार को दोपहर सवा दो बजे समिति कार्यालय में शहीदों की याद में दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस दौरान शहीदों की पुण्य स्मृति में एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन होगा।

### दंत चिकित्सा ओरल हेल्थ चेकअप आज

**मंडी अटेली।** स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय में शनिवार 22 मार्च स्वास्थ्य दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में गुरुग्राम की प्रतिष्ठित एसजीटी यूनिवर्सिटी के दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय के दंत चिकित्सकों के विशेषज्ञों द्वारा सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक ओरल हेल्थ चेकअप एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### डेयरी फूड की गाड़ी ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

**मंडी अटेली।** अटेली कनीना सड़क मार्ग पर कारिया बस स्टैंड के समीप डेयरी फूड की गाड़ी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाईक सवार घायल हो गया। कोसली क्षेत्र के गांव नाहड़ निवासी अशोक कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह उसके गांव से नाहड़ से अटेली बाइक पर सवार होकर आ रहा था।

### जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेल स्पर्धा का आयोजन


**मंडी अटेली।** सातवीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 29 व 30 मार्च को चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार में होगा। एथलेटिक संघ के सचिव प्रदीप यादव, एथलेटिक्स कोच सूरज गुर्जर व ललित यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए महेंद्रगढ़ की टीम का गठन 23 मार्च को सुबह 11:30 बजे मॉडल संस्कृति स्कूल अटेली के खेल मैदान में किया जाएगा।

## कई गांव के सरपंचों ने राव नरबीर सिंह को पहनाई पगड़ी

# प्रदेश का सीएम ऐसा, रात 11 बजे भी चेहरा खिला रहेगा व मदद करेगा : राव नरबीर

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी के आवास पर पहुंचे उद्योग, पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। लोगों को संबोधित करते केबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के उद्योग, पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह शुक्रवार दोपहर रेवाड़ी रोड स्थित भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी के आवास पर पहुंचे। उनके साथ पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव व अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव भी मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान शहर में रहने वाले विभिन्न समाज के प्रतिनिधि व ग्रामीण आंचल से कई गांवों के सरपंचों ने केबिनेट मंत्री को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर केबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने वहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा पार्टी को पूर्ण बहुमत के साथ बनाया। प्रदेश में नायाब सैनी मुख्यमंत्री है। हमारे इलाके से शायद नायब सैनी का कम वास्ता रहा है। वह साल 2014 से 2019 तक उनके साथ मंत्री रहे। एक अच्छे आदमी, मिलनसार, हसमुख और सदैव काम करने वाले व्यक्ति नायब सैनी है। हर मुख्यमंत्री ने अपने अपने कार्यकाल में बेहतर काम किया है, काम यह मुख्यमंत्री भी करेंगे। इस मुख्यमंत्री में यह खासियत है कि उनके चेहरा कभी मुरझाया हुआ नहीं मिलेगा।

आप रात 11 बजे भी जाओंगे तो हंसता हुआ चेहरा मिलेगा। अब से पहले जो मुख्यमंत्री थे, काम तो उन्होंने भी किया। लेकिन कभी कभी उनको आपने गुस्से में देखा होगा। इस मुख्यमंत्री के साथ 10 फोटो खिंचवालो, सैल्फी खिंचवालो। अगला मना नहीं करेगा। ऐसी खासियत का मुख्यमंत्री हमें मिला है। हमें उम्मीद है कि हरियाणा में नायब सैनी के राज में भाजपा सब तबकों को साथ लेकर काम करेंगी। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने केबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव व अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव का स्वागत किया और हर संभव सहयोग करने को कहा। इस मौके पर नगर परिषद के उपप्रधान संजय यादव, पार्षद मोहनलाल शर्मा, पार्षद मनोज सैनी, पार्षद प्रतिनिधि सुमेर यादव नीरपुर, पार्षद सुलतान सिंह, पार्षद अमर सिंह, पार्षद मुकेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि अरूण यादव, पार्षद सिकंदर सैनी, पार्षद अतरलाल, पार्षद मोहित मित्तल, पार्षद विशाल सैनी, पार्षद सुशीला देवी, पार्षद सोनल यादव, पूर्व पार्षद मीना सोनी, पूर्व पार्षद शशि बाला, पूर्व पार्षद दिनेश सैनी, पूर्व पार्षद दयानंद सोनी व पूर्व पार्षद सुंदर सैनी, ताजीपुर सरपंच सत्यवीर, अशोक चौधरी, भवेश मित्तल, रवि गुप्ता, नांगल चौधरी सैनी सभा प्रधान बलबीर सिंह, रोटरी क्लब प्रधान विनोद चौधरी, पार्षद राजेंद्र लोढ़ा कनीना, शिवनारायण मोरवाल, प्रदीप गौड़, ओबीसी मोर्चा अरूण जांगडा,निगरानी कमेटी के पूर्व चेयरमैन महेंद्र गौड़, सेठ मुरलीधर, एडवोकेट नीरज कोकचा, दीपक रोहिल्ला, सब्जी मंडी यूनियन प्रधान अजीत सैनी, सैनी सभा के महासचिव निहाल सैनी, कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी व कार्यकारिणी सदस्य मदनलाल, रामगोपाल मित्तल, मुकेश मित्तल, राजबीर सिंह उनिंदा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**>> पुरानी अनाज मंडी में खरीद केंद्र बंद की मांग**

कार्यक्रम के दौरान नारनौल न्यू सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने मंत्री को मांग पत्र सौंपा। इसमें व्यापारी उदमीराम, सुभाष चंद व हरीश प्रेमचंद ने बताया कि सरकार ने नांगल चौधरी रोड पर नई सब्जी मंडी एवं नई अनाज मंडी का निर्माण 2014 में किया गया था। जिसमें 2015 में दोनों मंडी में पुराने लाइसेंस होल्डर को दुकानें अलार्ट की गई थी। अलार्ट होने के बाद से ही कुछ व्यापारियों द्वारा दुकान निर्माण का कार्य चालू कर दिया गया था। व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखकर सरकार ने 20 अक्टूबर 2021 को पुरानी सब्जी मंडी व पुरानी अनाज मंडी को डिनोटिफाइड कर दिया था। उसके बाद से सब्जी मंडी तो यहां आबाद हो गई लेकिन कुछ अनाज मंडी के व्यापारियों व यहां के विधायक की मांग को ध्यान में रखते हुए पुरानी अनाज मंडी को टाइम एक्सटेंशन देकर उनके हितों का ध्यान रखा था। उसके बाद भी अनाज मंडी को चार बार टाइम एक्सटेंशन दिया व विवादों का समाधान स्कीम में दुकानदारों को दुकान की कीमत से ब्याज में 40 प्रतिशत की छुट दी थी ताकि व्यापारी अपनी दुकानें जल्द से जल्द बना ले। अब अनाज मंडी में 70 प्रतिशत दुकानें बनकर तैयार है। नई अनाज मंडी यहां पर नहीं चलने से हमें भी आर्थिक नुकसान हो रहा है व पूरा दिन मंडी में कोई काम नहीं रहता। मंडी भी सुनसान नजर आती है। वहीं रेलवे रोड के दुकानदारों ने मंत्री से 20 की बजाय 15 फीट चौड़ाई की जमीन दिए जाने की मांग।


नारनौल। स्वयंसेवकों को कानूनी जानकारी देती अधिवक्ता गिरीबाला यादव।

## हम सभी को विधिक सेवाओं की सामान्य जानकारी होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

■ सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों को कानूनी जानकारी दी

राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर की ओर से राजकीय उच्च विद्यालय बलाह कला में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ता गिरिबाला ने स्वयंसेवकों को कानूनी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हम सभी को विधिक सेवाओं की सामान्य जानकारी होनी चाहिए ताकि हमें आवश्यकता के समय उचित कानूनी सहायता उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आज के आधुनिक समाज में तलाक जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं जिससे पारिवारिक विघटन जैसी बुराइयां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया तथा इन बुराइयों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिवक्ता ने बताया कि लड़किया किसी भी जरूरत के समय महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 पर कॉल करके तुरन्त सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने पोस्को एक्ट तथा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आप किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता के लिए टॉल फ्री नंबर 15100 पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने राजकीय उच्च विद्यालय बलाह कला के बाहरी प्रांगण में स्वच्छता अभियान चला कर साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया। सायं कालीन सत्र में जल बचाओ विषय पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज ने आईजीयू परीक्षा परिणाम में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

राव प्रहलाद सिंह कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलाजी बलाना में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा घोषित बीटेक प्रथम तथा सप्तम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में मेरिट सूची में 10 की 10 पॉजीशन हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया हैं। कॉलेज के डीन प्रो. राजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि आईजीयू के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी कॉलेज के छात्रों ने तीन-तीन संकायों की मैरिट सूची में सभी 10 की 10 पॉजीशन हासिल की है।

कॉलेज के अप्लाईड सांइस विभाग के हैड प्रो. सुमित सैनी ने बताया कि गत सप्ताह इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा बीटेक कंप्यूटर सांइस प्रथम समेस्टर, बीटेक कंप्यूटर सांइस इन आर्टिफिसियल इंटेलिसेंस प्रथम सेमेस्टर, बीटेक इलेक्ट्रोनिक्स एंड कंम्यूनिकेशन इंजिनियरिंग सातवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया। बीटेक कंप्यूटर सांइस प्रथम सेमेस्टर में दीक्षा कुमारी पुत्री राकेश प्रथम, कंचन पुत्री सत्यनारायण द्वितीय, जानवी पुत्री देवेंद्र कुमार तृतीय, निशांत यादव पुत्र विनोद कुमार चतुर्थ, श्रुति पुत्री सुरेंद्र पाचवें, खुशबू पुत्री बिरेंद्र सिंह छठे, हर्ष पुत्र शेर सिंह सातवें, दीपिका पुत्री सुरेन्द्र कुमार आठवें, गर्वित पुत्र नरेंद्र कुमार नौवें व ललित कुमार पुत्र राकेश कुमार दसवें स्थान पर रहे। इसी प्रकार बीटेक कंप्यूटर सांइस इन आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस में तन्नु कुमारी पुत्री सुरेन्द्र कुमार प्रथम, एकता पुत्री राज सिंह द्वितीय, अंकिता पुत्री संदीप यादव तृतीय, मनीषा देवी पुत्री राजेश चतुर्थ, विवेक कुमार पुत्र योगेश कुमार पाचवें, कृतिका गर्ग पुत्री अजय कुमार छठे, कीर्ति पुत्री देवेंद्र सिंह सातवें, मोहित पुत्र गंगा बिशन आठवें, साक्षी पुत्री देवेंद्र सिंह नौवें, अंकिता चौधरी पुत्री नरेंद्र दसवें स्थान पर रही। इलेक्ट्रोनिक्स एंड कंम्यूनिकेशन इंजिनियरिंग विभाग के हैड प्रो. सुरज शर्मा ने बताया कि बीटेक सातवें समेस्टर में नरेन्द्र कुमार पुत्र औमप्रकाश प्रथम, केशव पुत्र अनिल यादव द्वितीय, मनीष पुत्र राजेश कुमार तृतीय, परिक्षित पुत्र अजित सिंह चतुर्थ, योगेंद्र पुत्र सुरेश कुमार पांचवें, लक्षय पुत्र अजीत कुमार छठे, परमवीर पुत्र अजीत सिंह सातवें, योगेश पुत्र जिले सिंह आठवें, नितेश पुत्र विनोद कुमार नौवें व दीपक पुत्र सत्यबीर सिंह दसवें स्थान पर रहे।

## पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू में स्वास्थ्य संबंधी कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू में शुक्रवार प्राचार्य कैलाश यादव की अध्यक्षता में चिकित्सा स्वास्थ्य संबंधी कैंप का आयोजन किया। इसमें रेडक्रॉस व उप स्वास्थ्य केंद्र नांगल चौधरी के डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही। इस मौके पर रेडक्रॉस कार्यालय से प्रवक्ता अजीत सिंह यादव ने कहा कि रेड क्रॉस समिति की ओर से लोगों को प्राथमिक चिकित्सा कौशल सिखाया जाता है, इससे आपातकालीन स्थितियों में मदद मिलती है।

रेडक्रॉस की प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण देता है। उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस सेवाएं उपलब्ध कराता है ताकि किसी भी अनजान व्यक्ति को जान की हानि ना हो सके। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस की ओर से आपातकालीन स्थितियों के लिए फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जाता है।


नारनौल। कैंप में संबोधित करते प्रवक्ता अजीत सिंह यादव। *फोटो : हरिभूमि*

उन्होंने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा के लिए सभी दफ़्तर, कारखाने, घर और स्कूल में एक सुलभ प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स होना अनिवार्य है जिसमें दुर्घटनाग्रस्त होने पर तुरंत दवाइयां उपलब्ध की जाती हैं। प्राथमिक चिकित्सा से तात्पर्य उस चिकित्सा देखभाल से है जो आमतौर पर चोट लगने के तुरंत बाद और उस स्थान पर दी जाती है जहां यह लगी थी। विद्यालय प्रांगण में उप स्वास्थ्य केंद्र नांगल चौधरी की ओर से डॉक्टर प्रवीण, डॉ. कविता, डॉ.भावना व डॉ.अर्चना ने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की।


नारनौल। जिला परिषद की बैठक लेते जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार।

## ग्रामीण विकास विकसित भारत के सपने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा : डॉ राकेश कुमार

**नारनौल।** ग्रामीण विकास विकसित भारत के सपने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार ने कई योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए हैं। हम सब टीम भावना के रूप में कार्य करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे। यह बात जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार ने आज डीआरडीए हाल में जिला परिषद की बैठक में कही। इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ मनोज कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास से ही देश-प्रदेश का विकास संभव है। उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया। इस बैठक में पांच एजेण्डे रखे गए। इस दौरान बस क्यू शैल्टर के कार्यों की समीक्षा की। वहीं आंगनबाड़ी निर्माण एवं रिपेयर के कार्यों की भी समीक्षा की। अंत में उन्होंने पार्षदों से सामाजिक विकास कार्यों पर चर्चा की। इस मौके पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी हरिप्रकाश बंसल, जिला परिषद उप प्रधान भीम सिंह, सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## सिंघानिया विश्वविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। सेमिनार में अतिथि का स्वागत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

सिंघानिया विश्वविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बदलते हुए रुझानों का विश्लेषण, उभरता हुआ भारत और इसकी चुनौती विषय पर चर्चा की गई। सेमिनार का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की बढ़ती भूमिका और इसके भविष्य के रुझानों को समझना था। कार्यक्रम में डॉ. नचिकेता सिंह, प्रधानाचार्य, श्याम लाल कॉलेज (एसएलसी) दिल्ली विश्वविद्यालय मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आज का भारत वैश्विक मंच पर एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत की भूमिका बढ़ रही है, लेकिन इसके साथ ही हमें अपनी आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है। भारत के सामने एक ओर बड़ी चुनौती यह है कि हम वैश्विक राजनीति में अपनी स्थिरता बनाए रखें और साथ ही अपने आर्थिक और सामाजिक विकास को प्राथमिकता दें। सिंघानिया विश्वविद्यालय और श्याम लाल कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देने और एक-दूसरे के अनुभव से लाभ उठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।


नारनौल। विश्व वानिकी दिवस पर पौधरोपण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## जैलाफ स्कूल ने मनाया विश्व वानिकी दिवस

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैलाफ में शुक्रवार विश्व वानिकी दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य लोकेश कुमार ने की। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व ईको क्लब इंचार्ज धर्म सिंह ने किया। इस दौरान पौधारोपण करके इस दिवस का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर धर्म सिंह ने कहा कि वन हमारे जीवन का आधार हैं। वन जन्म से अंतिम संस्कार तक किसी ने किसी रूप में हमारा साथ निभाते हैं। प्रकृति के संतुलन का मूलाधार वन ही है। मनुष्य की मूल आवश्यकताएं रोटी, कपड़ा और मकान वनों से पूर्ण होती है। रबर, लाख, गोंद दीयासलाई, कागज, पैकिंग, फर्नीचर वस्त्र आदि कारखाने वनों से ही चलते हैं। वनों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाने, वनों का संरक्षण करने, जैव विविधता को बढ़ाने व पौधारोपण पर बल देने के लिए प्रतिवर्ष यह विश्व वानिकी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस का थीम वन और भोजन रखा गया है। प्रवक्ता राकेश कुमार ने कहा कि जल, जंगल और जमीन के बिना प्रकृति अधूरी है, आज विकास के नाम पर पर्यावरण की संरचना व संतुलन में विष घोला जा रहा है जिस तेजी से विकास हो रहा है उसी तेजी से पर्यावरण का भी हनन हो रहा है।

## ओएसडी डॉ. प्रबलीन सिंह पहुंचे नारनौल गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। श्रद्धांजलि सभा में शामिल ओएसडी डॉ. प्रबलीन सिंह।

■ हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मेंबर सरदार तेजिंदर पाल सिंह की माता श्रवण कौर को की श्रद्धांजलि अर्पित

हरियाणा सरकार के ओएसडी डॉ प्रबलीन सिंह ओएसडी ने शुक्रवार शहर के गुरु नानकपुरा स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में पहुंच कर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मेंबर सरदार तेजिंदर पाल सिंह की माता श्रवण कौर को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती कौर का गत 16 मार्च को देहांत हो गया था। उन्होंने गुरुद्वारे में माथा भी टेका, अरदास की व लंगर का प्रसाद चखा। मंच संचालन सुरजीत सिंह अरोड़ा ने किया।

इस अवसर पर गुरविंदर पाल सिंह, प्रधान गुरुद्वारा सुरेंद्र सिंह चावला, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी, अमरजीत सिंह रंधावा, प्रकाश सिंह, गुरमेल सिंहख बलदेव सिंह चहल, जगदीश झंडा, हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी सुदर्शन सिंह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुखदेव सिंह तलवाड़ी मौजूद थे।

**शिविर** | निफा की ओर संवेदना-2 अभियान के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

## शिविर में 40 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

■ रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देते जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र सूरा।

नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) की ओर से देशभर में 16 से 30 मार्च तक शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के 94वें शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे रक्तदान के महा अभियान संवेदना-2 के तहत शुक्रवार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व किशन लाल शिक्षा एवं जन कल्याण समिति के सहयोग से रेडक्रॉस कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेन्द्र सूरा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने शिरकत की। रक्तदान शिविर में 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। रक्तदान से हम किसी की जान बचा सकते हैं। रक्त की कमी के कारण कई लोगों की मौत हो जाती है, इसलिए रक्तदान करना बहुत जरूरी है। रेडक्रॉस कार्यालय से डॉक्टर एसपी सिंह ने बताया कि निफा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### सूचना

मैं, राजेश कुमार पुत्र श्री मांगे राम निवासी धोली, तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हितेश कुमार मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# 152-डी पर नई एसी बस शुरू, नारनौल से शाम 4 बजे चलकर महेंद्रगढ़ वाया चंडीगढ़ के लिए होगी रवाना

- महेंद्रगढ़ से 4.35 बजे वाया बुचावास होते हुए जाएगी चंडीगढ़, शाम के समय महेंद्रगढ़ से नहीं मिलती थी चंडीगढ़ की बस
- महेंद्रगढ़ एसी बस किराया होगा 530 रुपये, साधारण बस लगता है 370 रुपये किराया
- रोडवेज बस के महेंद्रगढ़ पहुंचने पर सामाजिक संगठनों ने रोडवेज चालक व परिचालक का किया स्वागत



महेंद्रगढ़। बस स्टैंड पर चालक व परिचालक का सम्मान करते सामाजिक संगठन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल/महेंद्रगढ़

नारनौल डिपो ने महेंद्रगढ़ से होते हुए नेशनल हाईवे 152-डी से रोडवेज बस सेवा शुरू की है। यह बस शाम चार बजे नारनौल से चलकर महेंद्रगढ़ से वाया बुचावास नेशनल हाइवे 152-डी से होते हुए चंडीगढ़ जाएगी। बस का रात्रि ठहराव चंडीगढ़ में ही रहेगा। नई बस सेवा शुरू करवाने के लिए सामाजिक संगठनों ने महेंद्रगढ़ लघु सचिवालय में समाधान शिविर मे मांग रखी थी।

बता दें कि नारनौल से चंडीगढ़ 152-डी ग्रीन कॉरिडोर पर विभिन्न डिपो की ओर से बसों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें नारनौल, चंडीगढ़, अंबाला, दादरी, कुरुक्षेत्र व यमुनानगर डिपो शामिल है। 152-डी ग्रीन कॉरिडोर से बसों का संचालन शुरू होने के बाद जिला कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, जींद, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी व महेंद्रगढ़ जिले के यात्रियों को लाभ मिल रहा हैं। महेंद्रगढ़, दादरी, रोहतक से चंडीगढ़ रोडवेज बस में 410 रुपये किराया लगता है तथा महेंद्रगढ़ से 152-डी ग्रीन कॉरिडोर से रोडवेज बस में 360 रुपये किराया लगेगा।

### सामाजिक संगठनों ने जताया आभार

सामाजिक संगठन के सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों की इस समस्या को उठाया था। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि इस बस को चलवाने के लिए कई माह से वे संघर्ष कर रहे थे, क्योंकि महेंद्रगढ़ से चंडीगढ़ के लिए शाम के तीन बजे के बाद नेशनल हाईवे 152-डी से कोई बस सेवा नहीं थी। रोडवेज बस के महेंद्रगढ़ बस स्टैंड पहुंचने पर सामाजिक संगठनों ने जोरदार स्वागत किया। बस सेवा शुरू होने से ग्राम पंचायतों व सामाजिक संगठनों ने डिपो के महाप्रबंधक अनीत यादव सहित अन्य विभाग के अधिकारियों का आभार जताया है। इस मौके पर यूनियन प्रधान सुरेश यादव, संजय कुमार, हवासिंह, आशीष कुमार, विजयपाल, रणसिंह, अमरसिंह, विश्वजीत आदि मौजूद थे।

### महेंद्रगढ़ से 4:30 बजे होगी रवाना

परिवहन विभाग की ओर जारी की गई नई समय सारिणी के अनुसार यह बस नारनौल से शाम चार बजे चलकर 4:30 बजे महेंद्रगढ़, 4:45 बजे बुचावास कट से होते हुए रात नौ बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। वहीं वापसी के लिए सुबह 5:40 बजे चंडीगढ़ से रवाना होकर 11 बजे महेंद्रगढ़ से होकर 11:30 बजे नारनौल पहुंचेगी। नई बस सेवा का संचालन शुरू होने के बाद महेंद्रगढ़ के साथ-साथ राजस्थान के गांवों को भी फायदा मिलेगा, क्योंकि सुबह के समय महेंद्रगढ़ से चंडीगढ़ के लिए कोई बस सेवा उपलब्ध नहीं थी। यात्रियों के सुबह के बस पकड़ने के लिए नारनौल या फिर बुचावास कट जाना पड़ता था।

### 152-डी ग्रीन कोरिडोर बस सेवा की समय सारणी

डिपो-नारनौल से चलने का समय-चंडीगढ़ से चलने का समय

| | | |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | सुबह 5:00 बजे | शाम 4:00 बजे |
| अंबाला | सुबह 6: 42 बजे | शाम 4:40 बजे |
| चंडीगढ़ | शाम 5.30 बजे | सुबह 6.30 बजे |

### वाया महेंद्रगढ़ होकर जाने वाली बसों की समय सारिणी

| डिपो | नारनौल का समय | महेंद्रगढ़ का समय | चंडीगढ़ का समय |
|---|---|---|---|
| नारनौल | सुबह 4:00 बजे | सुबह 4.30 बजे | दोपहर 12:00 बजे |
| नारनौल | सुबह 8 बजे | सुबह 8.30 बजे | शाम 3 बजे |
| दादरी | सुबह 9 बजे | सुबह 9.30 बजे | शाम 4 बजे |
| नारनौल | सुबह 10 बजे | सुबह 10.30 बजे | शाम 5.30 बजे |
| यमुनानगर | सुबह 11 बजे | सुबह 11.30 बजे | सुबह 7.30 बजे |
| कुरुक्षेत्र | सुबह 12 बजे | दोपहर 12.30 बजे | सुबह 8.30 बजे |
| नारनौल | दोपहर 2.15 बजे | दोपहर 3 बजे | सुबह 8 बजे |
| नारनौल | शाम 4 बजे | शाम 4.30 बजे | रात 9 बजे |
| दादरी | सायं 6:30 बजे | शाम 7 बजे | सुबह 6:20 बजे |

## खबर संक्षेप

### दनचौली में नेत्र जांच शिविर कल

**नारनौल।** 23 अप्रैल वार रविवार को गांव दनचौली के पंचायत भवन में स्व. दाताराम चौधरी की पुण्यतिथि पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ग्राम सरपंच बबीता छिल्लर ने बताया कि इस शिविर में जरूरतमंद भाग लेकर नेत्र स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

### शीतला माता का 11वां भंडारा खामपुरा में आज

**मंडी अटेली।** गांव खामपुरा में शीतला माता का भंडारा 22 मार्च शनिवार को लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि इंद्रजीत यादव ने बताया कि शीतला माता मंदिर खामपुरा में 11वां भंडारा लगाया जा रहा है। जिसमें स्थानीय लोगों सहित आसपास के कई गांवों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### निःशुल्क साप्ताहिक संकीर्तन आज

**नारनौल।** श्रीश्याम महायज्ञ आयोजन समिति के तत्वावधान में निःशुल्क साप्ताहिक संकीर्तन 22 मार्च की रात्रि 8:15 बजे से प्रभु इच्छा तक मनुज मालती हाई स्कूल में आयोजित किया जाएगा। समिति सदस्य डॉक्टर राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य यजमान नवनीत अनुज सह परिवार होंगे। बाबा श्याम का दरबार रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया जाएगा।

### हरियाणा केंविवि में एलुमनी मीट आज

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में एलुमनी मीट का आयोजन शनिवार को होने जा रहा है। एलुमनी मीट में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार उपस्थित रहेंगे। आयोजन में हकेंवि में अध्ययन कर चुके पूर्व विद्यार्थी प्रतिभागिता करेंगे। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एसोसिएशन के अधिष्ठाता प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि वार्षिक एलुमनी मीट का आयोजन शनिवार 22 मार्च को किया जा रहा है। इसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अध्ययन कर चुके विद्यार्थी व शोधार्थी प्रतिभागिता करेंगे।

### शारीरिक शिक्षक संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक कल

**मंडी अटेली।** हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक एमआर पब्लिक स्कूल अटेली ताजपुर में 23 मार्च को होगी। बैठक में खेलों को बढ़ावा देने व शारीरिक शिक्षक की समस्याओं को लेकर प्रदेशभर के संघ के पदाधिकारी व जिले के शारीरिक शिक्षक मौजूद रहेंगे। शिक्षक संघ के जिला प्रधान सुभाष सोनी ने बताया कि हुए सुबह 11 बजे होने वाली बैठक में राज्य प्रधान रमेश चहल मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में प्रदेश के सभी 22 जिले के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शारीरिक शिक्षक की मांगों व उनकी समस्याओं पर गहन चिंतन किया जाएगा।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ कल मनाएगा शहीदी दिवस

**नारनौल।** रिटायर कर्मचारी संघ जिला महेंद्रगढ़ द्वारा 23 मार्च को यादव धर्मशाला में सुबह 10 बजे महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की याद में शहीदी दिवस मनाया जाएगा। यह जानकारी संघ के प्रधान घनश्याम शर्मा ने दी। उन्होंने सभी साथियों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## ढोसी हिल्स की तलहटी में मनाया विश्व वानिकी दिवस

# सरकार ने 'प्राण वायु देवता योजना' पेंशन को बढ़ाकर किया 3 हजार : राव नरबीर सिंह

- पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह पहुंचे मुख्य अतिथि के तौर पर
- पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि भोजन, जलवायु संतुलन और जैव विविधता के संरक्षण होने के कारण पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए जंगलों को और अधिक समृद्ध बनाना होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार बखूबी तरीके से आगे बढ़ा रही है। वे शुक्रवार विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर ढोसी हिल्स की तलहटी पर आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। 'वन और भोजन' लोगों और पृथ्वी के लिए पोषण थीम पर आधारित इस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त डॉ विवेक भारती तथा पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद थे।

पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री ने कहा कि जब तक वन संरक्षित नहीं होंगे तो हमारा जीवन भी सुरक्षित नहीं रहेगा। अगर हम अभी से जागरूक नहीं होंगे तो आने वाली पीढ़ियों की उम्र कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सबको प्रत्येक शुभ अवसर पर एक पेड़ लगाकर उसके बड़े होने तक उसकी पूरी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे ब्याह शादियों में कार्ड के चलन को बंद करें। इसकी बजाय हमारे पूर्वजों की चावल देने की परंपरा के साथ-साथ डिजिटल कार्ड भेजें। उन्होंने बताया कि केवल एनसीआर क्षेत्र में हर वर्ष 10 करोड़ से अधिक कार्ड छपते हैं जिससे पर्यावरण को बहुत अधिक नुकसान होता है। इसके अलावा उन्होंने पॉलिथीन का प्रयोग न करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक कार्य करते हुए हरियाणा सरकार ने एक अनोखी योजना शुरू की है, जिसमें 75 साल या उससे अधिक उम्र के पेड़ों की देखभाल करने वाले व्यक्तियों को हर वर्ष तीन हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस योजना का नाम 'प्राण वायु देवता योजना' है और इसका उद्देश्य पेड़ों की कटाई को रोकना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हरियाणा सरकार ने प्रदेश में 53 हर्बल पार्क बनाए हैं जिनमें विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां के अलावा महत्वपूर्ण प्रजातियों के पेड़ लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एंव राज्य सरकार द्वारा अरावली की पहाड़ियों को बचाने के लिए अरावली ग्रीन वाल योजना की शुरुआत की गई है तथा अरावली ग्रीन यात्रा की भी शुरूवात की जायेगी। यह योजना गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली में भी लागू की जाएगी। राज्य में सरकार द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नगर वन, ऑक्सीवन इत्यादि योजनाओं की भी शुरूआत की गई है।





नारनौल। ढोसी हिल्स का निरीक्षण कर लौटते केबिनेट राव नरबीर सिंह व ढोसी हिल्स की तलहटी पर पौधारोपण करते केबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह।

इस मौके पर पूर्व मंत्री डॉ अभय सिंह यादव ने कहा कि ढोसी हिल्स के नजदीक आते ही सकारात्मक ऊर्जा महसूस होती है। प्राचीन काल से इस इलाके का ढोसी से पवित्र बंधन रहा है। उन्होंने बताया कि ढोसी हिल्स पर हरियाणा का पहला रोप-वे का निर्माण कार्य अगले माह से शुरू होने की उम्मीद है।

अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव ने कहा कि च्वयन ऋषि की इस धरा को इस कार्यक्रम के लिए चुना जाना हम सबके लिए गौरव की बात है। इस मौके पर बीजेपी के जिला प्रधान यतेंद्र राव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक विनीत गर्ग ने पर्यावरण वन एवं वन्य जीव मंत्री का स्वागत किया तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना तथा कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में पहुंचने से पहले केबिनेट मंत्री ने ढोसी हिल्स पर शिवकुंड का दौरा किया। च्वयन ऋषि वाटिका में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम के दौरान वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा लोगों को वन संरक्षित के प्रति जागरूक करने के लिए भव्य प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम स्थल पर आगमन से पहले ढोल नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पीसीसीएफ नवदीप हुड्डा, पीसीसीएफ घनश्याम शुक्ला, डीएफओ विजेंद्र व कुलताजपुर के सरपंच विक्रम सिंह के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।



नारनौल। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ से सम्मान प्राप्त करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा ओवरऑल इंटर पॉलिटेक्निक स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में नारनौल दूसरे स्थान पर

**नारनौल।** झज्जर में समाप्त हुई वार्षिक एथलेटिक मीट में हरियाणा ओवरऑल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के इस सत्र में बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक नारनौल ने दूसरा स्थान प्राप्त करके प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। झज्जर में प्रतियोगिता समापन के अवसर पर पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ द्वारा गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के डायरेक्टर कृष्ण कुमार कटारिया तथा विभिन्न पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। ट्रॉफी प्राप्त करने के तुरंत बाद संस्थान के प्रधानाचार्य ने टीम के साथ गए स्पोर्ट्स इंचार्ज मनोज यादव तथा स्टाफ मेंबर प्रवीण कुमार से और सभी खिलाड़ियों से बातचीत की और उनको जीत की बधाइयां दी। इस जीत में संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल यादव के साथ-साथ स्टूडेंट फंड प्रेसिडेंट अनिल कुमार यादव, स्पोर्ट्स इंचार्ज मनोज यादव समस्त पॉलिटेक्निक के स्टाफ मेंबर तथा विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

### बस स्टैंड से महिला यात्री का मंगलसूत्र चोरी

**महेंद्रगढ़।** बस में चढ़ रही एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र तोड़ लिया। वह आंगनबाड़ी की ट्रेनिंग कर के वापस लौट रही। महिला की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सतनाली की रहने वाली महिला ज्वाला रानी ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह सतनाली के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत है। वीरवार को उनकी ट्रेनिंग महेंद्रगढ़ के मसानी चौक के पास थी। वह ट्रेनिंग अटेंड करने के बाद बस स्टैंड पर पहुंची। वहां कुछ समय इंतजार करने के बाद लगभग दो बजे सतनाली की बस आई। उसने बताया कि जब वह सतनाली की बस में चढ़ने लगी तब पीछे गले से उसका सोने का मंगलसूत्र अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाल लिया गया। मंगलसूत्र हजारों रुपये का था। उसने थाना में पहुंचकर पर अपने मंगलसूत्र गुम होने की शिकायत दर्ज कराई। उसने पुलिस से गुहार लगाई की उसके मंगलसूत्र गुम होने की शिकायत दर्ज की जाए और उसकी तलाश करवाई जाए।

### गहली के रजनीश उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत

**नारनौल।** पुलिस महानिरीक्षक दक्षिण मंडल रेवाड़ी द्वारा पुलिस कर्मियों को पदोन्नति का तोहफा देते हुए 59 सहायक उप निरीक्षकों को उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया है। इनमें नारनौल के नजदीकी गांव गहली के रहने वाले उप निरीक्षक रजनीश कुमार भी शामिल हैं। पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में रजनीश कुमार को पदोन्नति का स्टार लगाकर उनकी हौसला अफजाई की तथा कर्तव्यपथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।






नारनौल। स्टेशन पर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### मांगों को लेकर रेलवे कर्मचारियों ने स्टेशन पर ट्रेन आने पर किया प्रदर्शन

**नारनौल।** रेलवे स्टेशन पर उत्तर पश्चिक रेलवे मजदूर संघ श्रमिक संगठन ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया, जिसमें अध्यक्ष धर्मेंद्र सचिव पूर्णमल मीणा, संदीप सैन, हरवेंद्र, कैलाश, अशोक, सहीराम व अश्विनी आदि समस्त इंजीनियरिंग, ट्रैफिक व सिगनल विभाग के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की तथा यूपीएस में पुरानी पेंशन स्कीम की तरह पेंशन लाभ सुनिश्चित करने की मांग की। नए पदों का सृजन करने, पदों को सरेंडर करना बंद करने, ट्रैकमैन संवर्ग की समस्याओं का समाधान करने, कांटेवाला संवर्ग में ट्रैकमैन की तरह रि-स्ट्रैरकचरिंग लागू करने, माता-पिता को सुविधा पास व चिकित्सा सुविधा देने, रात्रिकालीन भत्ते की सीलिंग लिमिट हटाने, निजीकरण बंद करने, वेतन विसंगतियां दूर करने तथा बोनस की गणना वास्तविक वेतन में करने की प्रमुख मांगें उठाई। यूनियन के पदाधिकारी सुरेश शर्मा ने बताया कि एनएफआईआर के आह्वान पर गत 17 मार्च से 21 मार्च तक पूरे भारतीय रेलवे में विरोध सप्ताह के तहत यह आयोजन किया गया है। उन्होंने आह्वान किया कि अपनी मांगों को लेकर सभी कर्मचारी एकजुटता से अपनी आवाज बुलंद करें और केंद्र सरकार के कान खोलने एवं अपनी मांगें मनवाने का काम करें।

## जिला महेन्द्रगढ़ आईआईटी स्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किया अनुरोध





नारनौल। सीएम को लिखा पत्र व डा. अभय सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

पूर्व सिंचाई मंत्री एवं नांगल चौधरी के पूर्व विधायक डॉक्टर अभय सिंह यादव ने हरियाणा में नई आईआईटी (राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान) स्थापित करने के मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महेंद्रगढ़ जिला इस राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के लिए एक बहुत ही उपयुक्त स्थान हो सकता है । उन्होंने मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी जी को व्यक्तिगत पत्र लिखते हुए कहा कि महेंद्रगढ़ जिला शिक्षा का केन्द्र बिन्दु (हब) बन चुका है। यहां के अनेक शीर्ष शिक्षण संस्थाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोत्तम परिणाम देकर इस क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को विकसित करने का एक अवसर प्रदान किया है। प्रति वर्ष मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम में महेंद्रगढ़ ज़िले के विद्यार्थियों की एक बड़ी संख्या ऊंची रैंकिंग के साथ मेरिट सूची में होती है। आज विभिन्न राष्ट्रीय तकनीकी एवं मेडिकल संस्थाओं में महेंद्रगढ़ ज़िले के अनेकों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके साथ ही इस क्षेत्र का सड़क तथा रेल दोनों संपर्क मार्ग पिछले एक दशक में उल्लेखनीय स्तर पर विकसित हुए हैं।

यह क्षेत्र न केवल दिल्ली मुम्बई द्रुतगामी रेल कॉरिडोर पर स्थित है अपितु तीन राष्ट्रीय राजमार्ग भी इस क्षेत्र से गुज़र रहे हैं। दिल्ली जयपुर चण्डीगढ़ एवं उत्तरी भारत के लगभग सभी मुख्य शहरों से यह क्षेत्र सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से जुड़ा हुआ है।

बीकानेर और जैसलमेर जैसे दूरस्थ शहरों से भी राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से अब यह क्षेत्र सीधा जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि नए संस्थान के लिए 300 एकड़ के लगभग भूमि की आवश्यकता बताई जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित इस ज़िले में यह ज़मीन उपलब्ध हो सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि केंद्रीय विश्वविद्यालय पाली 600 एकड़ ज़मीन में स्थापित किया गया है तथा महेन्द्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से मिलकर इसके नज़दीक अतिरिक्त भूमि देने की पेशकश भी की है। केंद्रीय विश्वविद्यालय में पर्याप्त भवन व्यवस्था उपलब्ध है तथा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कैंपस में नई आईआईटी तुरंत प्रभाव से प्रारंभ की जा सकती है।

### आमजन व जन प्रतिनिधियों से की अपील

इसके साथ ही डॉ. अभय सिंह यादव ने इस क्षेत्र के सभी व्यक्तियों एवं जन प्रतिनिधियों से भी अपील की है कि वह सभी अपने अपने प्रभाव का प्रयोग करते हुए इस विषय को आगे बढ़ाएं और मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं हरियाणा सरकार से महेंद्रगढ़ ज़िले में यह संस्था स्थापित करने का आग्रह करें। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं किसी क्षेत्र विशेष की नहीं होती अपितु आस पास लगने वाला समस्त क्षेत्र इससे लाभान्वित होता है। अतः यह संस्था न केवल पूरे अहीरवाल को लाभान्वित करेगी अपितु आस पास के समस्त हरियाणा एवं राजस्थान के क्षेत्रों को भी इससे लाभ होगा। उन्होंने अनुरोध किया कि इस विषय में सभी क्षेत्र वासियों, पार्टियों के नेताओं व अन्य सभी प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी व्यक्तियों को राजनीतिक और व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठते हुए अपना सकारात्मक और सक्रिय योगदान देना चाहिए।

## 1.18 करोड़ की ठगी में संलिप्त तीन और आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- टेलीग्राम पर ऑनलाइन वर्क का झांसा देकर दिया था ठगी की वारदात को अंजाम

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार कार्य करते हुए साइबर थाना की टीम ने साइबर फ्रॉड के मामले में संलिप्त तीन ओर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित टेलीग्राम टास्क/टेलीग्राम पर ऑनलाइन कार्य का झांसा देकर साइबर फ्रॉड करने मामले में संलिप्त थे। पुलिस ने आरोपितों को उकलाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान प्रमोद वासी सनियाना थाना भुना और सागर व अशोक कुमार वासी उकलाना के रूप में हुई है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि साइबर ठगी की वारदात में आरोपित प्रमोद का खाता प्रयोग हुआ था, जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपित सागर व अशोक कुमार साइबर ठगी की राशि को ट्रांसफर करने का काम करते थे, जिन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

इस मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए ग्यारह आरोपितों विनोद पिपलोदिया वासी जयराम पिपलोदिया की ढाणी, हाथोज झोटवाड़ा जयपुर राजस्थान, संजय कुमावत वासी कटाथला ग्रीन एवेन्यू, हाथोज कालावाड़ रोड जयपुर राजस्थान, मोहन कुमार वासी रोझूवास थाना रोहड़ाई जिला रेवाड़ी, बृजमोहन वासी नाहड़ थाना कोसली जिला रेवाड़ी, किशोर वासी विकास नगर पानीपत, ऋषभ वासी विकास कालोनी उन्नाव यूपी हाल आबाद ऋषि कश्यप विहार सोसायटी गाजियाबाद यूपी, मुकेश नाथ वासी बगसेऊ थाना जसरासर जिला बीकानेर, कैलाशनाथ वासी बगसेऊ थाना जसरासर जिला बीकानेर, प्रमोद कुमार वासी सागा थाना सिघांना जिला झुन्झंनू, अभिषेक वासी बड़सरी का बास थाना सूरजगढ़ जिला झुन्झंनू और अमन वासी काकोड़ा थाना सूरजगढ़ जिला झुन्झनू को पहले गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आरोपितों से 20 हजार रुपये, 24 मोबाइल, 4 लैपटॉप, 21 एटीएम कार्ड, 9 चेकबुक, 8 कैशबुक, 5 पासबुक, 9 सिम कार्ड व अन्य सामान बरामद किया था। शिकायतकर्ता सुनील कुमार वासी खैराना ने साइबर फ्रॉड की शिकायत दी।


## वर्ष 2024 में महेंद्रगढ़ शहर के 438 लोगों को मिले थे 30-30 वर्ग गज के प्लॉट

# 380 लाभार्थियों ने पीएमएवाई-2 योजना के लिए दस्तावेज करवाए जमा

- लाभार्थी 31 मार्च तक नगर पालिका कार्यालय में जमा करवाएं दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को जल्द ही प्लाट में मकान बनाने के लिए ढाई लाख रुपए मिलेंगे। इसके लिए नगर पालिका इस योजना के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना पीएमएवाई-2 योजना के जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसको लेकर नपा कर्मचारी व अधिकारी हर रोज लाभार्थियों को कार्यालय में बुलाकर पोर्टल पर उनका आवेदन कर रहे हैं। नगर पालिका के अंतर्गत शहर में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के 438 लाभार्थी है। इन लाभार्थियों को नपा प्रशासन 30-30 गज के प्लाट आवंटित करने के लिए आवंटन पत्र भी दे चुका है। सरकार के आदेश पर लाभार्थियों का फिजिकल वेरिफिकेशन भी किया जा रहा है। अब हाल ही में सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए उन्हें पीएमएवाई-2 योजना से जोड़ने का भी निर्णय लिया है। इसके तहत लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर मकान बनाने के लिए ढाई लाख रुपए मिलेंगे। इसी के तहत अब नपा अधिकारियों ने लाभार्थियों को कार्यालय में बुलाकर उनके पोर्टल पर आवेदन शुरू कर दिया है। इसके लिए लाभार्थियों से दस्तावेज के साथ प्लाट का आवंटन पत्र, परिवार पहचान पत्र, बैंक पास बुक, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, इनकम सर्टिफिकेट देखने के अलावा आय का वेरिफिकेशन भी कर रहे हैं।



महेंद्रगढ़। नपा कार्यालय में दस्तावेज जमा करवाते लाभार्थी।

*मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को पीएमएवाई योजना से जोड़ने के लिए निर्देश मिले हुए हैं। उनकी ओर से यह प्रक्रिया शुरू की हुई हैं। जल्द ही इसे पूरा करके लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाया जाएगा, ताकि वह अपने पक्के मकान बना सके। लाभार्थी 31 मार्च तक नगर पालिका कार्यालय में दस्तावेज जमा करवा सकते हैं।*
*-विजय, एमआईएस, महेंद्रगढ़*

**380 लाभार्थियों की हुई वेरिफिकेशन:** नपा की ओर से योजना का लाभ देने के लिए 380 लाभार्थी का वेरिफिकेशन किया जा चुका हैं। वेरिफिकेशन में नपा टीम के कर्मचारी लाभार्थी के घर पर जाकर हर पहलु की जांच कर रहीं हैं। टीम द्वारा जांच करने पर अभी तक 150 लाभार्थी की फाइल रिजेक्ट की जा चुकी हैं। इन लाभार्थी का या तो खुद का मकान है या फिर खुद का प्लाट हैं।

**31 मार्च तक जमा करवाए दस्तावेज:** सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का अमलीजामा पहनाने के लिए नपा की ओर से कार्यालय में लाभार्थी का दस्तावेज जमा किए जा रहें हैं। लाभार्थी 31 मार्च तक नगर पालिका कार्यालय में दस्तावेज जमा करवा सकते हैं। इसके बाद सरकार की ओर से लाभार्थी के खाते में तीन चरणों में रुपये भेजे जाएंगे।